
# बुरहानपुर





# पांगरी बांध परियोजना के प्रभावित किसानों का अंधेरा भगाओ आंदोलन

**बांध निर्माण के तहत यहां कि बिजली काटी, ढाई महीने से अंधेरे में रहने को विवश।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पांगरी बांध परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। यह बुरहानपुर जिले की सबसे बड़ी जल परियोजन है। प्रभावित किसान चार वर्षों से चार गुना मुआवजा को लेकर लड़ाई लड़ रहे थे, इन्होंने न केवल पांगरी बांध के लिए बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में चार गुना मुआवजा बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पांगरी, बसाली और नागझिरी ग्रामों के अतिरिक्त चार फालिया इससे प्रभावित हैं, जिसमें मदन फाल्या में 30 आवास हैं। बांध निर्माण के तहत यहां कि बिजली काटी गई, ढाई महीने से वे सभी आदिवासी महिला, पुरुष, बच्चे अंधेरे में रहने को विवश हैं।

जंगल, सांप, बिच्छू, विभिन्न कीड़े और जीवों ने इनका जीना दूभर कर दिया है। शासन एवं बांध निर्माता मगर चैन की नींद ले रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई हल नहीं निकलने की दशा में किसानों ने बीती रात सैकड़ो की संख्या में जमा होकर के कैंडल जला करके अंधेरा भगाओ आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से किया।

इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डॉ रवि कुमार पटेल ने कहा कि सरकार किसानों, आदिवासियों के प्रति उपेक्षा पूर्ण नीति के तहत इरादतन मुआवजा प्रदान करने में विलंब कर रही है, जबकि बांध का कार्य बीते वर्ष 29 मार्च से शुरू हो चुका है बावजूद इसके अब तक किसी भी किसान के खाते में रूपया 1 भी नहीं स्थानांतरित किया गया, यह एक संवेदनशील और विवेकी सरकार के लिए गंभीर विषय है। अगर प्रशासन में बीते 60 दिनों में किसानों के खातों में मुआवजा स्थानांतरित नहीं करती है तो बहुत बड़ा आंदोलन होगा और इसकी सर्वस्व जिम्मेदारी सरकार की होगी।

किसानों के खेती पानी में डूब जाने एवं खुदाई की वजह से आय के सभी मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं ।जिससे आदिवासियों एवं किसानों को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा हैं।

साथ ही स्वास्थ्य एशिक्षा एवं अन्य मौलिक अधिकारों का हनन स्पष्ट रूप से हो रहा है। और सरकार निश्चिंत हैं। इस प्रतिकात्मक आंदोलन में किसानों ने कैंडल जला करके ष्अंधेरा भगाओष् तथा जय जवान जय किसान के नारों के साथ भारत माता की जय के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया।

इस आंदोलन में प्रमुखता से नंदू पटेल, संजय चौकसे, मामराज, माधो नाटो, बद्री वास्कले, पन्ना पटेल, शालिग्राम, मंसाराम, श्रीराम, श्रीकिशन, रामदास महाराज, कालू चौकसे, राहुल राठौर, दीपक पवार, मान्या भिलावेकर, शुमला ओम प्रकाश, विजय भाई , नवल, निखिलेश वाणी, नीतीश श्रॉफ अन्य आदि किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सेवासदन कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महा विद्यालय, बुरहानपुर के राष्ट्रीय कैडेट कोर ;एनसीसी इकाई द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वृक्षों के महत्व को समझाना तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कैडेटों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील, डॉ. अनीष पटेल ने उक्त कार्य की सराहना करते हुये जनमानस को एक पेड मां के नाम लगाने हेतु प्रेरित किया। यह कार्यक्रम एनसीसी इकाई के केप्टन सुशील माहेश्वरी एवं लेफ्टिनेंट रिया ठाकुर के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर बडी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



## एक नजर में

### सुंदर नगर में दिनदहाड़े डेढ़ लाख का माल उड़ाया

**बुरहानपुर।** 12 जुलाई रविवार की सुबह करीब 9.30 बजे सुंदर नगर में रहने वाली एक महिलाए जो बुरहानपुर में शासकीय शिक्षिका हैं और घर पर अकेली रहती हैं, घर पर ताला लगाकर घर से लगभग 170 मीटर दूर स्थित पांच पांडव मंदिर दर्शन के लिए गई थीं। मंदिर घर से मात्र 2 मिनट की दूरी पर स्थित है। लगभग 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ थाए जबकि बाहर का वेंटिलेशन वाला दरवाजा बंद था।



शुरुआत में महिला को चोरी का संदेह नहीं हुआ। वह घर के अंदर गईं तो देखा कि पीछे रखा लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। चोर लॉकर में रखे सोने.चांदी के जेवरों की पूरी थैली लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में सोने की अंगूठीए कान के ईयररिंग, चांदी की चेन तथा अन्य आभूषण शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। हैरानी की बात यह रही कि पास में रखी नकदी को चोरों ने हाथ तक नहीं लगाया और केवल जेवर लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना तत्काल शिकारपुरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचीए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद करीब दोपहर 2 बजे एफआईआर दर्ज की। हालांकि 14 जुलाई तक घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस को अभी तक कोई ठोस सुराग या सबूत हाथ नहीं लगा है। इस घटना से सुंदर नगर कॉलोनी में दहशत का माहौल है और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि घटना स्थल से लगभग आधे किलोमीटर के दायरे में शिकारपुरा पुलिस थाना, संजय नगर में जनप्रतिनिधि निवासरत हैं। इसके बावजूद दिनदहाड़े हुई इस चोरी ने स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

### आंगनवाड़ी केंद्र इच्छापुर में दस्तक अभियान शुरू



**इच्छापुर।** महिला बाल विकास द्वारा संचालीत आंगनवाड़ी केंद्र इच्छापुर में स्वास्थ विभाग द्वारा दस्तक अभियान का शुभारंभ हुवा । जिसमे छोटे बच्चो का वजन करना, बच्चों को आयरन की गोली देना व गर्भवती महिला ओं की जांच करना , आयरन की गोली देना, शुगर बीपी को दवाइयाँ भी दी गई। साथ ही पेट की जाँच करना , स्वास्थ विभाग की एन एम श्रीमती प्रभा कोल्हे ने दस्तक अभियान के बारे मे जानकारी में बताया यह अभियान एक माह तक जारी रहेगा , जो बच्चा एवं गर्भवती महीला केन्द्र तक पहुंची नहीं, उसे घर-घर जाकर दवाइयाँ गोलीयां जाँच कर देगे। इस अभियान में सी एच व्ही शितल चौहान , कमल वानी, अंगनवाडी कार्यकता योगीता तायडे, आशा कार्यकर्त्ता ज्योति महाजन, मिना पवार, सरला पाटील, ललीता तोरे, सुनिता ढोबरे का विशेष सहयोग रहा।

### मानव सेवा संस्था ने मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

**बुरहानपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय मानव सेवा संस्था



द्वारा प्रतापपुरा स्थित अमृतलाल तारवाला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करने वाली तथा विभिन्न कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कॉपीए पेन एवं मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक उषा अग्रवाल ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मविश्वासी एवं सजग रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था के अध्यक्ष देवचंद शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मोबाइल का सीमित उपयोग करने, पढ़ाई पर अधिक ध्यान देने तथा माता.पिता, गुरुजनों और बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, संरक्षक सुनील सलूजा, वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर वाणे एवं नवीन सदस्य मोतीलाल बुंदेले उपस्थित रहे । विद्यालय के प्राचार्य राजेश दलाल तथा अन्य शिक्षकों ने संस्था के पदाधिकारियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन देवचंद शर्मा ने किया धर्मेंद्र सोनी ने आभार माना।

### एचडीएफसी इर्गो ने पीएम फसल बीमा योजना लागू की

**बुरहानपुर।** एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी, 2026 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है. इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गगत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथि 31 जुलाई है. इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं.

# महापौर ने 20 इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं पर्यावरण.अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने 20 नवीन इलेक्ट्रिक डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण वाहनों तथा 2 हाइड्रोलिक ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगर निगम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन एवं राज्य शासन के सहयोग से इन आधुनिक वाहनों की खरीदी की गई है। इन वाहनों के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा सेकेंडरी कचरा संग्रहण केंद्रों से भी कचरे का त्वरित उठाव सुनिश्चित किया जाएगा।



इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ शहर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन वाहनों के संचालन से डीजल की खपत में कमी आएगी, वायु प्रदूषण घटेगा तथा स्वच्छ एवं हरित बुरहानपुर के निर्माण को नई गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी कचरे के पृथक्करण एवं स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शासन से प्राप्त वित्तीय सहायता के माध्यम से इन इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहनों की खरीदी की गई है। नगर निगम परिसर स्थित फायर स्टेशन के ऊपर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आधुनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया हैए जहां से सभी वाहनों की नियमित चार्जिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से नगर निगम के ईंधन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

नगर निगम द्वारा शासन के निर्देश अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन एवं विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर में नियमित सफाई डोर टू डोर कचरा संग्रहण तथा कचरा के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है निगम का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वास्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल निगम , आयुक्त संदीप श्रीवास्तव , एम आई सी चेयरमैन धनराज महाजन, नितेश रोशन दलाल, महेंद्र इंगले, अनिल विस्पुते , एजाज असरफी, पार्षद राजेश महाजन , भारत भुजड़े , मुज्जू मीर, बाबा भाई, पार्षदपति मनोज फुलवानी, अशोक महाजन, सहायक यंत्री प्रेम कुमार साहू , कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे , गणेश पाटिल आदि निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस का दो दिनी संगठनात्मक प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** खंडवा में कांग्रेस का दो दिवसीय संगठनात्मक प्रशिक्षण हुआ। इसमें नेपानगर से भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश बैस सहित काफी संख्या में कांग्रेस नेताए कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण महेंद्र जोशी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशिक्षण विभागए ललित सेन प्रभारी मतदाता सूची, अविरल हरी जैन उपाध्यक्ष सोशल मीडिया ने दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस ने बताया प्रशिक्षण में खंडवा. बुरहानपुर जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष सभी मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। कांग्रेस की सरकारों के समय देशहित में किए गए निर्णयों के बारे में बताया। डॉ संजय कामले, उषा नायडू, पूर्व विधायक हमीद काजी, ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया, ठाकुर राजनारायण सिंह, जिला प्रभारी ग्यारसीलाल रावत, नेपानगर विधानसभा प्रभारी हेमंत टाले, उत्तमपाल सिंह, प्रतिभा रघुवंशी, रविंद्र महाजन, रिंक टाक, मंडलम अध्यक्ष पांडूरंग आमले व अन्य शामिल हुए।

# नगर परिषद् शाहपुर में मनाया राष्ट्रीय नमस्ते दिवस



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** नगर परिषद् शाहपुर द्वारा दिनांक 14 जुलाई 2026 मंगलवार को राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल फॉर मैकेनाइज्ड छंउेजम योजना में निकाय क्षेत्र अंतर्गत कचरा बीनने वालेए सीवर एवं सेप्टिक टेंक सफाई का कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पंजीकृत कर शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैलीए स्वच्छताए सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति सफाई कर्मचारियों जोड़ना एवं जागरूक करना।

कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद् शाहपुर द्वारा नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सीवर एवं सेप्टिक टेंक सफाई का कार्य करने वालेए वेस्ट पिकर्स ;कचरा संग्रहकर्ताओंद्ध को उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, किट वितरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि पीपीई किट के नियमित उपयोग से कार्य के दौरान संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों में कमी आएगी तथा स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध होगा।

इसी क्रम में पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। उपस्थित हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत उपलब्ध उपचार सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गईए ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवार योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

नगर परिषद् द्वारा सामुदायिक स्वस्थ केंद्र शाहपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वेस्ट पिकर्स सहित सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यक परामर्शए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की गई तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद् शाहपुर केअधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीए स्वच्छता मित्रए वेस्ट पिकर्स एवं सेप्टिक टेंक सफाई का कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए राष्ट्रीय नमस्ते दिवस के उद्देश्यों को जन.जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# शाहपुर के चहुंमुखी विकास के लिए करोड़ों के कार्यों की सौगात : साधना तिवारी



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** नगर परिषद् सभाकक्ष में अध्यक्ष साधना वीरेन्द्र तिवारी की उपस्थिति में परिषद् का साधारण सम्मलेन किया गया। सम्मेलन बैठक में नगर विकास के प्रमुख्य मुद्दों, महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया।

जिसमे वार्ड क्रमांक 01 के विभिन्न गलियो में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक 04 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक10 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में नवीन बस स्टेंड से बंभाडा रोड तक डामर रोड बीटी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक15 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक नाली के उपर कवरिंग कार्य, वार्ड क्रमांक 08 से 15 तक नाली के उपर कवरिंग कार्य अनुमानित लागत 513 लाख की प्राप्त दरों की स्वीकृतियां प्रदान की गई।

नगर के विभिन्न कालोनियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, वार्ड क्रमांक01 एवं 11 में सेंटर लाईट. डिवाईडर निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 1 में स्वामी विवेकानंद कॉलेज के पास गार्डन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 5 में लक्ष्मीमाता मंदिर के समीप सौन्दर्यीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 5 में मेला ग्राउण्ड के समीप सौन्दर्यीकरण कार्य अनुमानित लागत कुल राशी 350 लाख से कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही नगर के वार्डो में रोड निर्माण दौरान रोड चौडीकरण किये जाने अतिक्रमण हटाने पर सहमती प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी, पार्षद उषाबाई वासुदेव दौड़े, अशोक सीताराम निकम, किशोर देशमुख, जब्बार खा, श्रीमती प्रमिलाबाई विनोद चौधरी, कैलाश असेरकर, श्रीमती दीपाली पंकज राउत, श्रीमती दिपाली मूकेश बुनगाल, श्रीमती ज्योत्सना विष्णू महाजन, शेख साकिर हाजी, शेख ताजुद्दीन शेख युसूफ , पवन बडोले, एल्डरमेंन राजाराम अटोल कर, रमेश चोपड़े, प्रकाश महेश्री, रवि जैन, अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि विजय दौड़े, विनोद चौधरी, पंकज राउत, मुकेश बुनगाल, विष्णू महाजन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, उपयंत्री राहुल चौहान, परिषद् प्रभारी जगन्नाथ महाजन, राजस्व उप निरीक्षक रतनसिंग रावत, लेखापाल तुषार राजपूत, लोक निर्माण प्रभारी अभिषेख जवरे, योजना प्रभारी हिमांशु महाजन व अन्य मौजूद रहे।

# सागफाटा के आदिवासी किसानों की मजबूरी : कई जगह बिजली नहीं, वर्ष में लेते हैं एक फसल

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** क्षेत्र के ग्राम सागफाटा में अब भी ग्राम पंचायत सागफाटा के कुछ आदिवासी फालिए ऐसे हैं जहां बिजली नहीं पहुंची। इससे आदिवासी किसान परेशान हैं। उनका कहना है कि जनजातीय विभाग के उत्थान के लिए धरती आबा योजनाए सौभाग्य योजना तो चलाई जा रही हैए लेकिन सागफाटा के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

उन्होंने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम सागफटा में घरेलू और कृषि विद्युत सुविधा दिए जाने की मांग की गई है। दरअसल इसे लेकर मंगलवार को काफी संख्या में आदिवासी ग्रामीण जन सुनवाई में बुरहानपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम सालभर में केवल एक बार ही बारिश की फसल लेते हैंए कयोंकि अधिकांश फालियों में



बिजली न होने से खेती के लिए सिंचाई नहीं कर पाते। उन्होंने मांग की कि इस समस्या का निराकरण जल्द किया जाना चाहिए।

**वनाधिकार अधिनियम का दिया हवाला :-** शिकायत लेकर पहुंचे जगदीश कनासे से सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत आदिवासी किसानों को वन अधिकार पत्र वितरीत किए जा चुके हैं। हम लोग पीढ़ियों से पारंपरिक खेती करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। परंतु खेद का विषय है कि आज तक ग्राम सागफटा में विद्युत व्यवस्था नहीं है।

**ग्रामीण बारिश पर निर्भर:-** आदिवासी ग्रामीणों ने अधिकारियों को की शिकायत में कहा हम केवल बारिश पर निर्भर हैं इसलिए साल में सिर्फएक फसल ले पाते हैं। रोजगार न होने से परिवारों को छोटे छोटे बच्चों के साथ दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। पलायन से बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है।

**योजनाओं का उद्देश्य पूरा हो:-** आदिवासी ग्रामीणों ने कहा जिले में धरती आबा योजना के उद्देश्य भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए धरती आबा योजना और सौभाग्य योजना के तहत ग्राम पंचायत सागफटा के हर खेत तक विद्युत पहुंचाएं। जल्द से जल्द सर्वे कराया जाए।

## एक नजर

**कार्यक्रम को सफल बनाने भाजपा कार्यालय पर बैठक, सौंपे दायित्व**

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे आज बुरहानपुर प्रवास पर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे जी आज 15 जुलाई बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर बुरहानपुर पधार रही है। आप दोपहर 3 बजे राजस्थानी भवन इंदिरा कॉलोनी बुरहानपुर पर विशाल महिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेगी। कार्यक्रम पश्चात श्रीमती अश्विनी परांजपे जी बहादरपुर रोड स्थित जनपद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण तत्पश्चात सेवासदन महाविद्यालय के सामने स्थित सावित्रीबाई फूले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी।



कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, म.प्र. शासन की पूर्व कैबिनेट मंत्री और बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस दीदी, नेपा विधायक मंजु राजेन्द्र दादु, महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक एवं अनूसुचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री बत्रा, जनपद अध्यक्ष सोनाली प्रदीप पाटील, नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष साधना विरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत खकनार उपाध्यक्ष आरती निलश चौकसे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती आशा विनोद पाटील, नगर परिषद उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी उपस्थित रहेंगी।

महिला मोर्चा बैठक को संबोधित करते हुवे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा कि संगठन की सफलता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मातृशक्ति की सहभागिता ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। इसी उद्देश्य के साथ आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बुरहानपुर में आगामी 15 जुलाई को मध्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे जी के प्रस्तावित बुरहानपुर प्रवास एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक ली।

यह कार्यक्रम 15 जुलाई 2026 को राजस्थानी भवन बुरहानपुर में दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया हे । इस दौरान आप जनपद पंचायत कार्यालय परिसर बहादरपुर रोड में वृक्षारोपण एवं सेवासदन महाविद्यालय के सामने स्थित सावित्रीबाई फूले जी की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगी।

बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संगठनात्मक दायित्वों का निर्धारण किया तथा कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। पूर्ण विश्वास व्यक्त किया गया कि सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन संगठन की गरिमा के अनुरूप ऐतिहासिक एवं सफल होगा।

यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पुर्वे ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, जिला उपाध्यक्ष श्री संभाजी सगरे, पूर्व पार्षद रूद्रेश्वर एन्डोले, जिला मंत्री सुधा चौकसे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री बत्रा, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष किरण रायकवार, भूतपूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा उमा कपूर, करुणा भट्ट, संध्या कदवाने, दिपिका सोनी, सुवर्णा पाटिल, ममता दुबे, रत्ना बारी, रीना महाजन और बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।